परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के नीति और संचार इकाई में कार्य करने के लिए वैज्ञानिकों की सम्मति हेतु कॉल

1. **पृष्ठभूमि**

   परिषद चिकित्सा अनुसंधान की प्रोन्नति, जन स्वास्थ्य नीति की रूपरेखा तैयार करने और राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करने में केंद्रीय भूमिका निभाता है। नीति एवं संचार इकाई नीतिनिर्माताओं, हेल्थकेयर व्यावसायिकों और जनता तक इस कार्य के प्रभावी प्रसारण को सुनिश्चित करने में मुख्य भूमिका निभाती है।

   पी एंड सी इकाई, परिषद के अनुसंधान परिणामों (आउटपुट्स) के प्रसार, परिषद के ब्रांड परिचय को सुदृढ़ करने और विविध हितधारकों के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों को ट्रांसलेट करने के लिए उत्तरदायी है। यह प्रभाग संसदीय और अनुसचिवीय पत्राचार, व्यापक-स्तर की प्रदर्शनियों और जनसंपर्क मुहिमों का प्रबंधन करते हुए सरकारी और सार्वजनिक मंचो पर परिषद की निरंतर और प्राधिकृत उपस्थिति को सुनिश्चित करता है।

2. **सम्मति का कॉल**

   परिषद, पी एंड सी इकाई की क्षमता को बढ़ाने के लिए इसके सभी संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिकों विशेषकर बी, सी और डी स्तर के वैज्ञानिकों की परिषद की पी एंड सी इकाई में तैनाती पर विचार के लिए सम्मति आमंत्रित करता है।

3. **भूमिका और उत्तरदायित्व**

   चयनित वैज्ञानिकों से निम्नलिखित उत्तरदायित्वों को निभाने की अपेक्षा की जाएगी:

   - संसदीय प्रश्नों, कैबिनेट सचिवालय की रिपोर्टों, आरटीआई, वीआईपी संदर्भों और अनुसचिवीय पत्राचारों के उत्तर सहित संस्थागत प्रस्तुतियों का मसौदा तैयार करना और उनका समन्वय करना।
   - परिषद का वार्षिक प्रतिवेदन (रिपोर्ट) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संरेखण में अन्य योजनाबद्ध दस्तावेज तैयार करना।

- राष्ट्रीय प्रदर्शनियों, नवोन्मेष शिखर सम्मेलनों, जन भागीदारी मुहिमों, स्मारक कार्यक्रमों, राष्ट्रीय अभियानों और संस्थागत लॉन्चों का नेतृत्व और समन्वय करना।
- हितधारकों, मीडिया और जनता के लिए योजनाबद्ध स्वास्थ्य संचार योजनाओं का विकास करना और उनका कार्यान्वयन करना।
- जोखिम और संकट संचार का प्रबंधन करना तथा जनस्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान समय पर और सटीक जानकारी का प्रसार सुनिश्चित करना।
- सभी स्वास्थ्य क्षेत्रों के मध्य संचार कौशल को मजबूत करने के लिए प्रशिक्षण एवं क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन करना।
- परिषद के कार्य की दृश्यता और प्रभाव को बढ़ाने के लिए मीडिया संगठनों, शैक्षिक संस्थानों और साझेदार संस्थाओं सहित प्रमुख हितधारकों के साथ जुड़ाव और समन्वय करना।

4. **सम्मति का प्रस्तुतीकरण**

परिषद मुख्यालय की पी एंड सी इकाई में नियुक्ति हेतु इच्छुक वैज्ञानिक संबंधित निदेशक/निदेशक-प्रभारी के माध्यम से अग्रेषित अपना आवेदन निर्धारित प्रोफार्मा (संलग्न) में प्रशासन प्रभाग, परिषद मुख्यालय को भेज सकते हैं।

प्रोफार्मा

नीति और संचार इकाई, परिषद मुख्यालय में कार्य करने हेतु इच्छुक वैज्ञानिक

1.	पूरा नाम (सुस्पष्ट अक्षरों में) उपाधि सहित (प्रो/डॉ./श्री/कुमारी)	
2.	वर्तमान पदनाम और स्तर	
3.	जन्म की तारीख	
4.	विषय	
5.	वर्तमान संस्थान/केंद्र/प्रभाग	
6.	परिषद में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख	
7.	वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख	
8.	शैक्षिक पृष्ठभूमि (केवल विश्विद्यालय की उपाधियाँ)	
9.	स्वास्थ्य संचार योजनाओं से संबंधित अनुभव/प्रशिक्षण	
10.	इस हस्तांतरण में आपकी अभिरुचि और इस पद के लिए आपकी उपयुक्तता पर 200 शब्दों का एक लेख	कृपया अनुलग्नक संलग्न करें।
11.	कोई अन्य जानकारी, जो आप देना चाहें	कृपया अनुलग्नक संलग्न करें।
12.	निदेशक/निदेशक-प्रभारी द्वारा अनुशंसा/टिपण्णी	

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक: